## Discrimination in providing the facility of Solar Energy Light to Members of Rajya Sabha

**श्री रेवती रमन सिंह** (उत्तर प्रदेश): सभापति जी, मेरा यह कहना है कि लोक सभा के मेम्बर्स को एनर्जी सर्विसेज़ कमीशन ने सोलर लाइट एलॉट की हैं, जिसमें एनर्जी सर्विसेज़ वाले 75 परसेंट सब्सिडी देते हैं, लेकिन राज्य सभा के मेम्बर्स को, किसी को भी एक भी सोलर लाइट न देने का प्रावधान किया गया है और न ही मिल रही है। एक साल से यह प्रावधान चल रहा है। मैं यह कहना चाहता हूँ कि चूंकि लोक सभा और राज्य सभा दोनों बराबर हैं, फिर यह एकतरफा क्यों किया गया कि लोक सभा के मेम्बर्स को दिया गया और राज्य सभा के मेम्बर्स को नहीं दी गई? मैं आपसे आग्रह करता हूँ कि आप कृपया सरकार को निर्देश दें कि राज्य सभा के मेम्बर्स को भी यह सुविधा दी जाए।

**श्री नीरज शेखर** (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं भी स्वयं को इस विषय से संबद्ध करता हूँ।

**श्री रवि प्रकाश वर्मा** (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं भी स्वयं को इस विषय से संबद्ध करता हूँ।

**श्री जावेद अली खान** (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं भी स्वयं को इस विषय से संबद्ध करता हूँ।

**श्री आलोक तिवारी** (उत्तर प्रदेश): महोदय, मैं भी स्वयं को इस विषय से संबद्ध करता हूँ।

**श्रीमती विप्लव ठाकुर** (हिमाचल प्रदेश): महोदय, मैं भी स्वयं को इस विषय से संबद्ध करती हूँ।

**कुछ माननीय सदस्यः** महोदय, हम भी स्वयं को इस विषय से संबद्ध करते हैं।

MR. CHAIRMAN: Parliamentary Affairs Minister, please get in touch with the concerned Minister and find out the actual situation and then afterwards inform. Okay. Shri Naresh Agrawal.

## Need to check food adulteration in the country

**श्री नरेश अग्रवाल** (उत्तर प्रदेश): माननीय सभापति जी, आज एक आम तरीका हो गया है कि जब आदमी बाजार में खाने की कोई चीज लेने जाना है, तो बाजार में पूछता है कि यह असली है या नकली है। श्रीमन् विश्व में जितने भी डेवलपिंग देश हैं, वहां मिलावट पर बहुत सख्त कार्रवाई होती है। यूरोप, अमरीका में तो मिलावट शब्द को कोई जानता नहीं है, लेकिन हमारे हिंदुस्तान में चाहे दूध हो, फल हो, सब्जी हो, मीट हो मछली हो, सबमें मिलावट है। हमारे नन्दा जी मछली के बड़े शौकीन हैं। हमने नन्दा जी से पूछा कि नन्दा जी, आप मछली नहीं खा रहे हो। उन्होंने कहा कि कल मैं बाजार गया था। मछली में भी एक लेप लगा देते हैं, जो बड़ा नुकसान करती है। मैंने दिल्ली में मछली खाना छोड़ दिया है। नन्दा जी ने मुझसे कहा। इसलिए इन्होंने कल दावत पर नहीं बुलाया।

श्रीमन्, विज्ञापनों का इतना जोर है। एक बाबा रोज विज्ञापन देते हैं। उनकी कहीं इंडस्ट्री नहीं है, लेकिन हर चीज उनके यहां शुद्ध, ...**(व्यवधान)**... मैंने किसी का नाम नहीं लिया, घानी का शुद्ध तेल चाहिए, गाय का शुद्ध घी चाहिए। ...**(व्यवधान)**... सलमान खान, फिल्म स्टार एक कैप्सूल के लिए विज्ञापन देते हैं कि इसको खाइए, आपका स्वास्थ्य बहुत अच्छा हो जाएगा। राज बब्बर जी तो आजकल विज्ञापन नहीं दे रहे हैं।